हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था की गतिविधियों पर नोट।

हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था की स्थापना वर्ष 1976 में बीज अधिनियम 1966 की धारा 8 के अर्न्तगत राष्ट्रीय बीज परियोजना में दी गई शर्तो के अधीन की गई थी तथा दिनांक 06.04.1976 को एक स्वतंत्र संस्था के रूप में रजिस्ट्रेशन आफ सोसाईटिज एक्ट–1860 के अधीन इसका पंजीकरण किया गया था। दिनांक 01.09.1976 को इस संस्था ने अपना स्वंतत्र कार्य शुरू कर दिया था। संस्था का मुख्यालय पंचकुला में तथा क्षेत्रीय कार्यालय करनाल, हिसार, सिरसा एवं रोहतक में है।

इस संस्था का मुख्य कार्य बीज अधिनियम–1966 की धारा–5 के अधीन भारत सरकार द्वारा विभिन्न फसलो की अधिसूचित की गई जातियों के बीज को निर्धारित मानको के अनुसार प्रमाणित करना है फसलवार निर्धारित मानकों का विवरण केन्द्रीय बीज प्रमाणीकरण बोर्ड द्वारा निर्धारित किये गये भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानकों में दिया हुआ है। हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था का कार्यक्रम विभिन्न बीज उत्पादन संस्थाओं जैसे हरियाणा बीज विकास निगम, हैफेड, एच.एल.आर.डी.सी., उद्यान विभाग, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम, आई.एफ.एफ.डी.सी., कृभको एवं अन्य व्यक्तिगत बीज उत्पादकों द्वारा आफर किया जाता है। इन बीज उत्पादक/संस्थाओं द्वारा दिये गये क्षेत्र का निरीक्षण संस्था द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है।

यद्यपि हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा अपनी गतिविधियों द्वारा प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम को प्रोत्साहित करती है, तथापि राज्य की बीज उत्पादक/संस्थाओं द्वारा प्रमाणीकरण के लिये आफर किया गया क्षेत्र ही संस्था के कार्य का लक्ष्य बन जाता है। वर्ष 2018–19 से वर्ष 2022–23 तक हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा विभिन्न फसलों का किया गया निरीक्षण एवं प्रमाणित बीज की मात्रा के साथ आय एवं व्यय का विवरण **Annexure-A** पर दर्शाया गया है।

वर्ष 2023–24 में विभिन्न उत्पादक संस्थाओं/उत्पादकों द्वारा 264.00 हजार एकड क्षेत्र प्रमाणीकरण के लिए आफर किये जाने की सम्भावना है जिससे हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था का 34.20 लाख क्विंटल बीज प्रमाणीकरण किये जाने का अनुमान है। वर्ष 2023–24 में अनुमानित आय 1858.48 लाख व व्यय लगभग 1790.62 लाख होगा।

राज्य में 246 संसाधन संयंत्र कार्य कर रहे है जिन पर प्रमाणीकरण हेतु विभिन्न फसलों के बीजों के संसाधन का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है। बीजों के संसाधन के उपरान्त प्रत्येक लोट से बीज का एक नमुना लेकर उसे कृषि विभाग के अधीन बीज परीक्षण प्रयोगशाला करनाल, सिरसा तथा हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था के अधीन बीज परीक्षण प्रयोगशाला पंचकूला एवं रोहतक में आवश्यक जांच के लिय भेजा जाता है तथा वहां से परिणाम प्राप्त होने के बाद अगर वह लोट प्रमाणीकरण के सभी निर्धारित मानकों को पुर्ण करता है, तो उसको नियमानुसार प्रमाणित कर दिया जाता है।

Annexure-A

Programme/Scheme-wise Targets and achievements of last 5 years

Year	Name of Programme / Scheme	Targets				Achievements				%age achievements			
		Physical		Financial		Physical		Financial		Physical		Financial	
		Area inspec-ted (in '000' Acres)	Quantity (in '000 qtls.)	Income (Rs. in lakh)	Expenditure (Rs. in lakh)	Area inspec-ted (in '000' Acres)	Quantity (in '000 qtls.)	Income (Rs. in lakh)	Expenditure (Rs. in lakh)	Area inspec-ted (in '000' Acres)	Quantity (in '000 qtls.)	Income (Rs. in lakh)	Expen-diture (Rs. in lakh)
2018-19	Seed Certification	259.50	3325.00	1559.65	1458.35	226.95	2980.74	1058.87	772.85	87.46	84.21	67.89	52.99
2019-20	-do-	260.00	3350.00	1575.20	1560.20	271.27	3593.02	1191.97	774.63	104.33	107.25	75.67	49.64
2020-21	-do-	262.50	3375.00	1737.33	1704.27	255.40	3183.19	1242.16	820.51	97.30	94.32	71.49	48.14
2021-22	-do-	263.00	3395.00	1801.38	1754.67	177.88	2065.24	1067.13	828.05	67.63	60.83	59.24	47.19
2022-23	-do-	263.50	3400.00	1850.26	1780.40	206.07	2859.28	934.12	781.11	73.20	84.09	50.48	43.87

Formula of %age achievement: achievement/target X 100

Programme/Scheme-wise Targets during 2023-24

Target Year	Name of Programme/ Scheme	Target				Achievements				%age achievements			
		Physical		Financial		Physical		Financial		Physical		Financial	
		Area (in '000' acres)	Quantity (in 000 qtls.)	Income (Rs. in lakh)	Expenditure (Rs. in lakh)	Area inspected (in '000' Acres)	Quantity (in '000 qtls.)	Income (Rs. in lakh)	Expenditure (Rs. in lakh)	Area inspected (in '000' Acres)	Quantity (in '000 qtls.)	Income (Rs. in lakh)	Expen-diture (Rs. in lakh)
2023-24	Seed Certification	264.00	3420.00	1858.48	1790.62	----	------	----	---	---	----	----	----